- एक दर्जी हाथ से सिलाई मशीन चलाना सीखकर पैर से चलाना प्रारंभ कर देता है, तो किस प्रकार का स्थानान्तरण है - **द्वि पार्श्वीय**
- एक अधिगमकर्ता नीचे के स्तर पर कुछ भी सीखकर उसका प्रयोग सीखने के ऊपरी स्तार में करने लगता है तो यह स्थानान्तरण किस प्रकार का है - **ऊर्ध्वाधर अधिगम स्थानान्तरण**
- यदि कोई अधिगम कर्त्ता सीखने के ऊपरी स्तर में कोई ज्ञान अर्जित करके उसका उपयोग निचले स्तर पर करने लगता है तो वह स्थानान्तरण है - **अधोधर अधिगम स्थानान्तरण**
- भाषा विकास सिद्धांत के प्रतिपादक कौन हैं? - **चोमस्की**
- भाषा विकास सिद्धांत में वाक्यों के सतह संरचना और गहन संरचना के मध्य के नियमों को क्या कहा जाता है? - **व्याकरणात्मक रूपान्तरण**
- चोमस्की के सिद्धांत में L.A.D. का पूरा नाम क्या है? - **Language Acquisition Device (भाषा अर्जन युक्ति)**
- सामाजिक सांस्कृतिक सिद्धांत किस मनोवैज्ञानिक ने दिया? - **लेव वाइगोत्स्की**
- M.K.O की बात किस मनोवैज्ञानिक ने की है? - **लेव वाइगोत्स्की**
- M.K.O. का पूरा नाम - **The More Knowledge Other**
- जब ऊपर वाला व्यक्ति नीचे वाले व्यक्ति को सहारा दोकर उसके आधार पर मार्गदर्शन करके समस्या का समाधान करता है तो लेव वाइगोत्स्की के अनुसार यह क्या है? - **स्कैफोलिंग**
- Z.P.D. का पूरा नाम - **Zone of Proximal Development (संभावित विकास क्षेत्र)**
- जब किसी संस्था अथवा विषयों का सतही अध्ययन होता है, तो कहलाता है- **पर्यवेक्षण**
- किसी भी विषयवस्तु का गहन मूल्यांकन कहलाता है- **निरीक्षण**

- शिक्षा मनोविज्ञान की उत्पत्ति मनोविज्ञान से हुई है जो कि 19वीं शताब्दी मानी जाती है।
- एक स्वतंत्र विषय के रूप में शिक्षा मनोविज्ञान का सर्वप्रथम अध्ययन वर्ष 1920 में अमेरिका में किया गया। अतः अमेरिका को ही शिक्षा मनोविज्ञान का जनक देश कहा गया है।
- शिक्षा मनोविज्ञान को मनोविज्ञान से अलग करने का श्रेय थॉर्नडाइक, टर्मन, स्टेनले हॉल, फ्रोबेल आदि को जाता है।
- थॉर्नडाइक को शिक्षा मनोविज्ञान का जनक माना जाता है।
- थॉर्नडाइक को ही प्रथम शैक्षिक मनोवैज्ञानिक कहा जाता है।
- किशोर मनोविज्ञान का जनक स्टेनले हॉल को माना जाता है।
- पेस्टालॉजी को बाल विकास का जनक माना जाता है।
- मनोविज्ञान विधायक विज्ञान है।
- शिक्षा में मनोवैज्ञानिक दृष्टि कोण की शुरुआत रूसो ने की थी।
- नेशनल सोसाइटी ऑफ कॉलेज टीचर्स ऑफ एजुकेशन संस्था अमेरिका में है।
- थॉर्नडाइक की पुस्तक 'शिक्षा मनोविज्ञान' वर्ष 1913 में प्रकाशित हुई थी।
- मनोविज्ञान ने शिक्षा को 'बाल केन्द्रित' बनाया है।
- मनोविज्ञान का विषय 'चेतना' है। यह विलियम जेम्स का मत है।
- अभिवृद्धि और विकास को प्रभावित करने वाले महत्त्वपूर्ण तथ्य निम्नलिखित हैं- पौष्टिक भोजन, परिवार में स्थान, बुद्धि, संस्कृति, अन्तःस्रावी ग्रन्थियाँ, वातावरण, वंशानुक्रम।
- वृद्धि तथा विकास के दो प्रमुख कारण परिपक्वता व अधिगम हैं।
- जब शिशु को क्रोध आता है तो वह क्रोध को क्रिया या वाणी द्वारा व्यक्त करता है।
- जन्म के समय शिशु में उत्तेजना संवेग के रूप में होती है।
- बाल-मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि शिशु में मुख्यतः चार संवेग होते हैं- प्रेम, भय, पीड़ा व क्रोध।
- माण्टेसरी पद्धति में **परियों की कहानी** को महत्त्व दिया गया है।
- शैशवावस्था में शिशु के दोहराने की प्रवृत्ति तीव्र होती है।

Scanned by CamScanner

- शिक्षण की प्रक्रिया में कितनी अवस्थाएँ होती है- **पूर्व, अन्तःक्रिया, पश्च**
- शिक्षण में कितने स्तर होते हैं- **स्मृति, अवबोध, चिंतन**
- किसी भी बालक में अन्तर्निहित शक्तियों को बाहर निकालना कहलाता है- **शिक्षण**
- किसी भी शिक्षण प्रक्रिया की प्रभावशीलता निर्भर करती है- **शिक्षण सम्प्रेषण पर**
- शिक्षण सम्प्रेषण में किस प्रकार की शब्दावलियों का प्रयोग होता है- **सार्थक शब्दों का**
- सम्प्रेषण में कक्षा के अन्तर्गत अनिवार्य है- **फीडबैक**
- कलन या एल्गोरिद्म विधि का मुख्य प्रयोग किस विषय शिक्षण में किया जाता है- **गणित या कम्प्यूटर**
- कलन या एल्गोरिद्म की प्रक्रिया किस आधार पर चलती है- **इनपुट-प्रोसेस-आउटपुट**
- पूर्णतः शिक्षक केन्द्रित विधि है- **व्याख्यान या मौखिकी**
- पूर्णतया छात्र केन्द्रित शिक्षण विधि है- **खोज या अन्वेषण**
- किसी एक कौशल के विकास के लिये सम्पादित होता है- **सूक्ष्म शिक्षण**
- सूक्ष्म शिक्षण के कितने सोपान होते हैं- **प्रस्तावना, शिक्षण, प्रतिपुष्टि, पुनः प्रस्तावना, पुनः शिक्षण, पुनः प्रतिपुष्टि**
- शिक्षण में प्रमुख शिक्षण सूत्र कौन-कौन से हैं- **ज्ञात-अज्ञात, सरल-कठिन, सूक्ष्म-स्थूल, विशिष्ट-सामान्य**
- शिक्षण में प्रमुख शिक्षण सिद्धांत कौन-कौन से हैं- **उपयोगिता का सिद्धांत, रुचि का सिद्धांत, वैयक्तिक विभिन्नता का सिद्धांत**
- बाल्यावस्था को प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश की अवस्था कहा गया है।
- बाल्यावस्था में बालक **क्यों और कैसे** का प्रश्न अधिक करता है।
- किशोरावस्था में किशोर अधिक कल्पनाशील होता है।
- **एक्सेप्शनल चिल्ड्रेन** नामक पुस्तक **हेवार्ड** व **ओरलैन्सकी** ने लिखी है।
- विशिष्ट बालक प्रायः अन्तर्मुखी होते है।
- **हेवार्ड** व **ओरलैन्सकी** ने अपनी पुस्तक 'एक्सेप्शनल चिल्ड्रेन' में विशिष्ट बालकों को 9 वर्गों में विभाजित किया है।
- टोरेस ने बुद्धि प्राप्तांक के साथ-साथ 6 अन्य प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के आधार पर प्रतिभाशाली, निपुण बालक, श्रेष्ठ बालक, तीव्र सीखने वाले बालक, प्रवीण बालक की पहचान की थी।
- प्रतिभाशाली बालकों हेतु **योजना विधि** अधिक सफल सिद्ध हुई है।
- **क्रो व क्रो के अनुसार**, "ऐसे बालक जिनमें ऐसा शारीरिक दोष होता है जो किसी भी रूप में उसे साधारण क्रियाओं में भाग लेने से रोकता है या उसे सीमित रखता है, ऐसे बालक को हम **विकलांग बच्चा** कह सकते हैं।"
- विकलांग बालकों को निम्नलिखित वर्गों में बाँटा गया है- **शारीरिक रूप से विकलांग बालक** (अपंग बालक, सम्पूर्ण और अर्द्ध-अन्धे बालक, पूर्ण व अपूर्ण बहरे बालक, हकलाने वाले या भाषा दोषपूर्ण वाले, निर्बल बालक), **मानसिक रूप से विकलांग बालक** (मूर्ख, निम्न बुद्धि वाले, मन्द गति से सीखने वाले), **संवेगात्मक और सामाजिक रूप से विकलांग बालक** (बाल-अपराधी)।
- श्रवण दोष से ग्रसित बालकों को **प्रदर्शन विधि** से शिक्षा दी जा सकती है।
- श्रवण दोष से सम्बन्धित प्रथम विद्यालय **यूरोप** में स्थापित हुआ था।
- मौखिक रूप से अधिगम की अक्षमता को **'अफेज्या'** और **'डिस्फेज्या'** कहा जाता है।
- 1930 में **लूयिस ब्रेल** ने छः उभरे हुये बिंदुओं के सहारे वर्णमाला संख्या एवं अन्य सामग्री लिखने की विधि दी जिसे **ब्रेल पद्धति** के नाम से जाना जाता है। यह पूर्ण व अपूर्ण रूप से अंधे बालकों के लिये वरदान स्वरूप है।

- **अफेज्या (Aphasia)–**
  - भाषा एवं सम्प्रेषण अधिगम अशक्तता को **अफेज्या** कहते हैं।
  - इससे पीड़ित छात्र मौखिक रूप से सीखने एवं अपने विचारों को अभिव्यक्ति प्रदान करने में कठिनाई का अनुभव करते है।
  - मस्तिष्क में क्षति के कारण बातचीत करने में आंशिक या पूर्णतः अक्षमता को **डिस्फेजिया** कहा जाता है।
- **अलेक्सिया (Alexia)–**
  - मस्तिष्क में किसी प्रकार की क्षति के कारण पढ़ने में अक्षमता को **अलेक्सिया** कहते है।
  - इसे शब्द अन्धता, पाठ्य अन्धता या विजुअल अफेज्या भी कहा जाता है।
  - यह **अर्जित डिसलेक्सिया** है।
- **डिस्लेक्सिया (Dyslexia)–**
  - डिस्लेक्सिया का सम्बन्ध पठन विकार से है।
  - इस अधिगम अशक्तता में बालक को पढ़ने में कठिनाई होती है, क्योंकि वह कई शब्दों के कुछ अक्षरों जैसे b व d में, saw व was में, nuclear व unclear में विभेद नहीं कर पाते है।

Scanned by CamScanner

❖ **अप्रेक्सिया (Apraxia)-**
➢ अप्रेक्सिया ऐसा शारीरिक विकार है, जिसके कारण व्यक्ति माँसपेशियों के संचालन से सम्बद्ध सूक्ष्म गतिक कौशल जैसे- लिखने, चलने, टहलने, बोलने आदि में निपुण नहीं हो पाता है।
➢ यह **मस्तिष्क** के **सेरेब्रम** में क्षति के कारण होता है।

❖ **डिस्ग्राफिया (Disgraphia)-**
➢ डिस्ग्राफिया लिखने सम्बन्धी विकार है, इसमें बालक या तो ठीक से लिख नहीं पाता या फिर उसकी लिखावट ठीक नहीं हो पाती है।
➢ इसका कारण हाथ, हथेली या अँगुलियों सम्बन्धी गड़बड़ियाँ होती हैं।

❖ **डिस्कैल्कुलिया (Discalculia)-**
➢ इस विकार में बालक गणित को समझने में कठिनाई अनुभव करते हैं।
➢ इसे **न्यूमलेक्सिया** भी कहा जाता है।

❖ **डिस्थीमिया (Dysthymia)-**
➢ डिस्थीमिया गम्भीर तनाव की अवस्था को कहा जाता है।
➢ डिस्थीमिया की अवस्था में व्यक्ति की मनःस्थिति (चित्तवृत्ति) सदैव निम्न रहती है।

❖ **डिस्मोरफिया (Dysmorphia)-**
➢ डिस्मोरफिया एक ऐसा विकार है, जिसमें व्यक्ति को यह भ्रम हो जाता है कि उसके शरीर के कुछ अंग बहुत छोटे या अपूर्ण है।
➢ वह अपने शरीर के विभिन्न अंगों की तुलना दूसरे लोगों से करने लगता है।

❖ श्रवण दोष से सम्बन्धित प्रथम विद्यालय **यूरोप** में स्थापित हुआ था।
❖ **हैविगहर्स्ट** ने अपनी पुस्तक ***A Survey of the Education of Gifted Children*** में लिखा है, " प्रतिभाशाली बालकों के लिये शिक्षा का सफल कार्यक्रम वही हो सकता है, जिसका उद्देश्य उनकी विभिन्न योग्यताओं का विकास करना हो।"
❖ **हालिंगवर्थ** ने अपनी पुस्तक ***An Enriched Curriculum for Rapid Learners*** में लिखा है, "प्रतिभाशाली बालकों को अपनी संस्कृति के विकास की शिक्षा दी जानी चाहिए ताकि वे समाज में अपना उचित स्थान ग्रहण कर सकें।"
❖ **शेफील** ने अपनी पुस्तक ***The Gifted Child in the regular classroom*** में प्रतिभाशाली बालक के बारे में लिखा है।
❖ पुस्तक ***The Causes and Treatment of Backwardness*** के लेखक **बर्ट** है।
❖ **स्ट्रैंग** ने लिखा है, "भय अनेक बालकों की झूठी बातों का मूल कारण होता है।"
❖ **क्रो एवं क्रो के अनुसार**, "क्रोध, आक्रमणकारी व्यवहार द्वारा व्यक्त किया जाता है।"
❖ **हीली के अनुसार**, "वह बालक जो समाज द्वारा स्वीकृत आचरण का पालन नहीं करता है, वह अपराधी बालक है।"
❖ अपराधी बालकों के उपचार की विधि- पर्यावरणात्मक विधि, मनोवैज्ञानिक विधि, मनोविश्लेषण विधि।
❖ 'खिलौनों की आयु' कहा जाता है- **पूर्व बाल्यावस्था को**
❖ उत्तर बाल्यावस्था में बालक भौतिक वस्तुओं के किस आवश्यक तत्त्व में परिवर्तन समझने लगते है- **द्रव्यमान, संख्या और क्षेत्र**
❖ विकास का अर्थ है- **अभिप्रेरण एवं अनुभव के फलस्वरूप होने वाले परिवर्तनों की उत्तरोत्तर श्रृंखला**
❖ सकारात्मक दण्ड का उदाहरण है- **मित्रों के द्वारा उपहास**
❖ किसी उद्दीपन के निरन्तर दिये जाने से व्यवहार में होने वाला स्थायी अस्थायी परिवर्तन कहलाता है- **अभ्यस्तता**
❖ कौन-सा सिद्धान्त व्यक्त करता है कि मानव मस्तिष्क एक बर्फ की बड़ी चट्टान के समान है जो कि अधिकांशतः छिपी रहती है एवं उसमें चेतन के तीन स्तर हैं- **मनोविश्लेषणात्मक सिद्धान्त**
❖ समायोजन का तात्पर्य स्वयं का विभिन्न परिस्थितियों में अनुकूलन करना है ताकि सन्तुष्ट किया जा सके- **आवश्यकताओं को**
❖ राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 में 'गुणवत्ता आयाम' शीर्षक के अन्तर्गत अधिक महत्त्व दिया गया है- **बालकों के संरचित अनुभव एवं पाठ्यक्रम सुधार को**
❖ राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 में किस परीक्षा सम्बन्धी सुधार को सुझाया गया है- **कक्षा-X की परीक्षा ऐच्छिक करना**
❖ निचली कक्षाओं में शिक्षण की खेल पद्धति मूल रूप से आधारित है- **विकास एवं वृद्धि के मनोवैज्ञानिक सिद्धान्तों पर**
❖ 'डिस्लेक्सिया' किससे सम्बन्धित है- **पठन विकार से**
❖ विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों को शिक्षा उपलब्ध करायी जानी चाहिये- **अन्य सामान्य बच्चों के साथ**
❖ 'बच्चे दुनिया के बारे में अपनी समझ का सृजन करते हैं' किसने कहा है- **पियाजे ने**
❖ वह अवस्था जब बच्चा तार्किक रूप से वस्तुओं व घटनाओं के विषय में चिन्तन प्रारम्भ करता है- **मूर्त संक्रियात्मक अवस्था**
❖ 'सीखने की अन्तःदृष्टि सिद्धान्त' को किसने बढ़ावा दिया- **गेस्टाल्टवादियों ने**
❖ बच्चों के बौद्धिक विकास की चार विशिष्ट अवस्थाओं की पहचान किसने की है- **पियाजे ने**
❖ किस अवस्था में बच्चे समवयस्क समूह के सक्रिय सदस्य हो जाते है- **किशोरावस्था**
❖ बच्चों को सीखने की प्रक्रिया में माता-पिता को भूमिका निभानी चाहिये- **अग्रोन्मुखी**
❖ 'विकास कभी न समाप्त होने वाली प्रक्रिया है' यह विचार किससे सम्बन्धित है- **निरन्तरता के सिद्धान्त से**
❖ वह कौन-सा स्थान है जहाँ बच्चे के संज्ञानात्मक विकास को सबसे बेहतर तरीके से परिभाषित किया जाता है- **विद्यालय एवं कक्षा के पर्यावरण में**

Scanned by CamScanner

- किसे अभिप्रेरित शिक्षण का संकेतक माना जाता है- **विद्यार्थियों द्वारा प्रश्न पूछना**
- 'मन का मानचित्रण' सम्बन्धित है- **मन की क्रियाशीलता पर अनुसन्धान से**
- व्यक्तित्व स्थायी समायोजन है- **पर्यावरण, जीवन व प्रकृति के साथ**
- दूसरे वर्ष में अन्त तक शिशु का शब्द भण्डार हो जाता है- **100 शब्द**
- संवेगों की उत्पत्ति होती है- **मूल प्रवृत्ति से**
- शर्म तथा गर्व जैसी भावना का विकास किस अवस्था में होता है- **बाल्यावस्था**
- मैक्डूगल के अनुसार मूल प्रवृत्ति 'जिज्ञासा' का सम्बन्ध किस संवेग से होता है- **आश्चर्य**
- वर्तमान में निःशक्त बच्चों की शिक्षा के लिये कहा गया है- **समावेशी शिक्षा**
- तनाव व क्रोध की अवस्था है- **किशोरावस्था**
- शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 लागू नहीं होता है- **14-18 वर्ष के बच्चों पर**
- शिक्षक व विद्यार्थी के मध्य सम्बन्ध होना चाहिये- **स्नेह, विश्वास व सम्मान का**
- डाल्टन शिक्षण विधि का विकास किसने किया- **मिस हेलेन पार्कहर्स्ट**
- बच्चे की जिज्ञासा शांत करनी चाहिये- **तत्काल**
- पुरस्कार एवं दण्ड है- कृत्रिम प्रेरक
- बच्चों का मूल्यांकन होना चाहिये- **सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन द्वारा**
- कक्षाओं में शिक्षण की खेल विधि आधारित है- **विकास एवं वृद्धि के मनोवैज्ञानिक सिद्धान्त पर**
- श्यामपट्ट का शिक्षण सामग्री समूह है- **दृश्य साधन**
- शिक्षा की किण्डरगार्टन पद्धति का प्रतिपादन किया है- **फ्रोबेल ने**
- परिवार एक साधन है- **अनौपचारिक शिक्षा का**
- मानव विकास को क्षेत्रों में विभाजित किया जाता है- **मनोवैज्ञानिक, संज्ञानात्मक, संवेगात्मक, और शारीरिक**
- मानव-व्यक्तित्व परिणाम है- **आनुवंशिकता और वातावरण की अन्तःक्रिया का**
- प्रायः शिक्षार्थियों की त्रुटियाँ संकेत करती है- **यांत्रिक अभ्यास की ओर**
- जब बच्चा फेल हो जाता है, तो तात्पर्य है- **व्यवस्था फेल हुई है**
- बच्चे के विकास के शिरस्थ सिद्धान्त के अनुसार- **विकास सिर से पैर की ओर होता है**
- वाइगोत्सकी ने बाल विकास के बारे में कहा है- **यह सामाजिक अन्तक्रियाओं का उत्पाद है**
- आपकी कक्षा के कुछ छात्र अति मेधावी है, आप उन्हें किस तरह पढ़ाएँगें- **समृद्धिकरण के कार्यक्रमों के द्वारा**
- नैदानिक परीक्षा का मुख्य उद्देश्य है- **अधिगम के समक्ष उपस्थित होने वाली शैक्षिक कठिनाइयों के कारणों का पता लगाना**
- विशेष शिक्षा सम्बन्धित है- **कम योग्य छात्रों के लिये शैक्षिक कार्यक्रम से**
- क्लासिकल स्थिति के प्रतिपादक थे- **पावलॉव**
- कौन-सा प्रयोजन प्राथमिक प्रयोजन कहलाता है- **शारीरिक प्रयोजन**
- आधुनिक मनोविज्ञान का अर्थ है- **व्यवहार का अध्ययन**
- हिन्दी के अक्षरों को बालक किस आयु में पहचानते है- **पाँच वर्ष की आयु में**
- बुद्धि लब्धि मापन के जन्मदाता- **टरमन**
- एलेक्सिया है- **पढ़ने की अक्षमता**
- शिक्षा मनोविज्ञान की उत्पत्ति का वर्ष- **1900**
- जड़ बुद्धि वाले बालक की बुद्धि लब्धि- **71 से कम**
- गर्भ में बालक को विकसित होने में लगा समय- **40 सप्ताह या 280 दिन**
- नवजात शिशु का भार होता है- **7 पाउण्ड**
- बुद्धि के बहुकारक सिद्धान्त के प्रतिपादक- **थॉर्नडाइक**
- उपनयन संस्कार किस शिक्षाकाल में किया जाता है- **वैदिक काल में**
- यदि छात्र अधिकांश कार्य स्वयं के हाथों से करेगा, तो छात्र में- **आत्मनिर्भरता पैदा होती है**
- जन्मजात अभिप्रेरक है- **निद्रा**
- साइजैड वर्ग में किस प्रकार के बालक आते हैं- **शारीरिक रूप से अपंग**
- पाठ्यक्रम शिक्षण के किस चर में आता है- **मध्यस्थ चर में**
- स्मिथ ने शिक्षण की त्रिध्रुवी प्रक्रिया में कार्यवाहक माना है- **शिक्षक को**
- रॉस ने संवेग को कितने भागों में बाँटा है- **तीन भागों में**
- भारत के संविधान में किसके लिये निःशुल्क अनिवार्य शिक्षा है- **14 वर्ष तक के सभी बालकों के लिये**
- सूक्ष्म गतिक कौशल का उदाहरण है- **लिखना**

Scanned by CamScanner

- शारीरिक रूप से अक्षम बच्चों को सामान्यतः होता है- **डिस्ग्राफिया**
- प्रतिभाशाली विद्यार्थी होते है- **अपने निर्णयों में आत्मनिर्भर**
- विद्यार्थियों के पोर्टफोलियों के लिये सामग्री का चयन करते समय जरूर होना चाहिये- **विद्यार्थियों का समायोजन**
- सफल समायोजन को आवश्यकता है- **पृथक्करण की**
- भाषा के अर्थ में सबसे छोटी इकाई है- **स्वनिम**
- पूर्वाग्रही किशोर/किशोरी कठोर होते है- **अपनी समस्याओं के प्रति**
- कौन-से गुण अच्छे स्वास्थ्य के नहीं है- **बहुत विनीत, स्वयं में सीमित**
- अधिगम क्षमता प्रभावित नहीं होती है- **राष्ट्रीयता से**
- किस मनोवैज्ञानिक ने बाल-अधिगम विकास में पुरस्कार को महत्त्व नहीं दिया है- **गुथरी ने**
- बालक की स्व-केन्द्रित अवस्था होती है- **3 से 6 वर्ष**
- माँ-बाप के साये से बाहर निकल अपने साथी बालकों की संगत को पसन्द करना सम्बन्धित है- **पूर्व किशोरावस्था से**
- सीखने का प्राथमिक मूलभूत नियम है- **तत्परता का नियम**
- बुद्धि एवं सृजनात्मक में किस प्रकार का सहसम्बन्ध है- **धनात्मक**
- किस समूह के बच्चों को समायोजन की समस्या होती है- **कुशाग्र बुद्धि के बच्चे**
- विकास का वही सम्बन्ध परिपक्वता से है जो उद्दीपन का है- **प्रतिक्रिया से**
- बच्चों के सामाजिक विकास में विशेष महत्त्व है- **खेल का**
- हावर्ड गार्डनर का बुद्धि सिद्धान्त बल देता है- **प्रत्येक व्यक्ति की विलक्षण योग्यताओं से**
- गतिक कौशलों में अधिगम निर्योग्यता कहलाती है- **डिस्प्रेक्सिया**
- पियाजे की किस अवस्था का सम्बन्ध अमूर्त एवं तार्किक चिन्तन से है- **अमूर्त संक्रियात्मक अवस्था**
- कोमल शिल्प उपागम सम्बन्धित है- **मनोवैज्ञानिक सिद्धान्तों के अनुप्रयोग से**
- एक शिक्षिका का भावनात्मक बुद्धिलब्धांक ऊँचा है। इसका तात्पर्य है कि- **वह सन्तुलित व्यवहार रखती है**
- सामाजिक परिवर्तन का सर्वाधिक कार्यकारी कारक है- **शिक्षा**
- 'राष्ट्रीय दृष्टि बाधितार्थ संस्थान' स्थित है- **देहरादून में**
- शिक्षा की प्रक्रिया के अंग है- **शिक्षार्थी, शिक्षक व पाठ्यक्रम**
- 'प्रायः लड़कियाँ गणित में कमजोर होती है' यह है- **लैंगिक पूर्वाग्रह पर आधारित धारणा**
- छात्रों को ठीक, शाबाश, बहुत अच्छा कहना है- **सकारात्मक शाब्दिक पुनर्बलन**
- वाइगोत्स्की के सामाजिक सांस्कृतिक सिद्धान्त आधारित है- **पारस्परिक शिक्षण पर**
- भाषा-अवबोधन से सम्बद्ध विकार है- **अफेजिया (भाषाघात)**
- किसका मत है हि 'बच्चे अपनी वृद्धि व विकास हेतु कठोर अध्ययन करते हैं- **मैसलो का**
- मानव आवश्यकताओं का पदानुक्रम किसने दिया- **मैसलो ने**
- जोन ऑफ प्रॉक्सिमल डेवलमेण्ट का प्रत्यय दिया गया है- **वाइगोत्सकी के द्वारा**
- व्यक्तित्व का 'समाजशास्त्रीय प्रकार का सिद्धान्त' दिया गया है- **स्प्रेंजर के द्वारा**
- प्रोजेक्ट शिक्षण विधि किससे सम्बन्धित है- **जॉन डीवी**
- जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम लागू हुआ- **वर्ष 1993 में**
- फ्रोबेल ने किस खेल पर अधिक बल दिया है- **गेंद का खेल**
- प्रयोगात्मक विधि को सर्वप्रथम प्रस्तावित किया- **विलहेल्म वुण्ट ने**
- बालक का चिन्तन किसके द्वारा प्रदर्शित नहीं होता है- **वैयक्तिकवाद**
- बाल अन्तर्बोध परीक्षण का निर्माण किसने दिया है- **बेलक**
- मातृ व पितृ कोष में 23-23 गुणसूत्र अर्थात् सामान्य बालक में कुल 46 गुणसूत्र होते हैं।
- टर्नर सिण्ड्रोम से पीड़ित लड़कियों में 45 गुणसूत्र पाये जाते है।
- डाउंस सिण्ड्रोम से पीड़ित बालकों में 47 गुणसूत्र पाये जाते है जो कि मंदबुद्धि होते हैं, इनकी बुद्धि लब्धि 25-50 होती है।
- आनुवंशिकता के वाहक जीन्स कहलाते है।
- स्टीफन्स का मत है- "जिन बालकों को निम्न वातावरण से हटाकर उत्तम वातावरण में रखा जाता है उन सबकी बुद्धि-लब्धि (I.Q.) में वृद्धि हो जाती है। वातावरण परिवर्तन के समय बालक की आयु जितनी कम होती है उसमें प्रायः उतना ही अधिक विशेष परिवर्तन होता है।"
- लड़कों के अधिक जन्म लेने का कारण सम्भवतः X गुणसूत्र की तुलना में Y गुणसूत्र का हल्का होना है।
- लैमार्क, **विकासवादी सिद्धान्त** के समर्थक थे।
- ग्रेगर जान मैंडल को **वंशानुगत सिद्धान्त** का जनक माना जाता है।
- "बीज में वृक्ष बनने की सम्भावना रहती है, लेकिन वातावरण के आधार पर उसका विकास का स्तर निश्चित होता है।" यह कथन **वुडवर्थ** का है।

Scanned by CamScanner

- वर्णान्धता एवं हीमोफिलीया लिंग-सहलग्न रोग है, जो वंशानुगत होते है।
- वर्णान्ध व्यक्ति **लाल व हरा** रंग में भेद नहीं कर पाता है। इसे **'प्रोटीन दोष'** या **डैल्टोनिज्म** भी कहते है।
- वर्णान्धता का वर्णन सर्वप्रथम **होरनर** ने वर्ष 1876 में किया था।
- हीमोफिलीया रोग में व्यक्ति के रुधिर का थक्का नहीं जमता है, इसलिये इसे **रक्त स्त्रावण रोग** भी कहते है।
- **'उद्दीपक अनुक्रिया सिद्धान्त'** के प्रवर्तक **थार्नडाइक** हैं।
- **'क्रिया प्रसूत अनुबन्धन सिद्धान्त'** के प्रवर्तक **स्किनर** हैं।
- **'अनुकूलित अनुक्रिया सिद्धान्त'** के प्रवर्तक **पॉवलव** हैं।
- **'समीपता का अनुबन्ध सिद्धान्त'** के प्रवर्तक **गुथरी** हैं।
- **'प्रबलन सिद्धान्त'** के प्रवर्तक **क्लार्क एल० हल** हैं।
- **'चिन्ह अधिगम सिद्धान्त'** के प्रवर्तक **टालमैन** हैं।
- **'सूझ या अन्तदृष्टि का सिद्धान्त'** के प्रवर्तक **कोहलर** हैं।
- **'अधिगम का क्षेत्र सिद्धान्त'** के प्रवर्तक **लेविन** हैं।
- **'अधिगम सोपान सिद्धान्त'** के प्रवर्तक **आर० एम० गैने** हैं।
- **'सामाजिक अधिगम सिद्धान्त'** के प्रवर्तक **अल्बर्ट बण्डुरा** हैं।
- प्राकृतिक उद्दीपक भोजन, अप्राकृतिक उद्दीपक घण्टी की आवाज तथा प्राकृतिक अनुक्रिया लार आना है।
- थार्नडाइक के **'उद्दीपक अनुक्रिया सिद्धान्त'** को **'चयन एवं सम्बन्ध का सिद्धान्त'** भी कहते है।
- गणित के प्रश्नों का समाधान करना **'प्रयास व त्रुटि के सिद्धान्त'** द्वारा सम्भव है, जिसे **थार्नडाइक** ने बताया है।
- मनोवैज्ञानिकों ने अनुबंधन को दो भागों में बाँटा है- क्लासिकी अनुबंधन, साधनात्मक अनुबंधन।
- **एडवर्ड चेस टालमैन** की पुस्तक का नाम **'Purposive Behaviour in Animals and Man'** है।
- **कोहलर** की पुस्तक का नाम **'Mentality of Apes'** है।
- **स्किनर** की पुस्तक का नाम **'The Behaviour of Organism'** है।
- **ई० एल० थार्नडाइक** की पुस्तक का नाम **'Educational Psychology'** है।
- **क्लार्क एल० हल** की पुस्तक का नाम **'Principles of Behaviour'** है।
- **अनुबंधन** के पिता **आई० पी० पॉवलव** को कहा जाता है।
- **कोहलर** ने अपना प्रयोग **सुल्तान नामक चिम्पांजी** पर किया था।
- स्किनर ने अपने प्रयोग चूहे व कबूतर पर किये थे।
- **भूल-भूलैया टालमैन** मनोवैज्ञानिक से सम्बन्धित है।
- **'मौलिक पाप का सिद्धान्त'** के प्रवर्तक **संत आगस्टाइन** हैं।
- **'मनो-सामाजिक विकास का सिद्धान्त'** के प्रवर्तक **संत इरीकसन** हैं।
- **सैमुअल स्माइल के अनुसार,** "चरित्र आदतों का पुंज है।"
- मनोवैज्ञानिक बनने से पहले जीन पियाजे **'जन्तु वैज्ञानिक'** थे।
- जीन पियाजे ने व्यक्ति को जन्म से क्रियाशील माना है।
- कोहलबर्ग के नैतिक विकास सिद्धान्त में प्रौढ़ावस्था को शामिल नहीं किया गया है।
- अभिप्रेरणा एक जन्मजात/सहज प्रत्यय/आन्तरिक/अदृश्य शक्ति है।
- अभिप्रेरणा में उद्देश्य निर्देशित रहता है।
- अभिप्रेरणा एक मनोव्यवहारिक क्रिया है।
- अभिप्रेरणा का जन्म किसी आवश्यकता के कारण होता है।
- अभिप्रेरणा में तत्परता या सक्रियता निहित होती है।
- अभिप्रेरणा एक भावनात्मक इकाई है।
- अभिप्रेरणा एक अप्रत्यक्ष शक्ति है।
- अभिप्रेरणा का ज्ञान उसके परिणामों के निरीक्षण से सम्भव है।
- अभिप्रेरणा के चार प्रमुख तत्त्व हैं- आवश्यकताएँ, चालक, उद्दीपन, अभिप्रेरक।
- थामसन के अनुसार अभिप्रेरणा दो प्रकार की है- स्वाभाविक, कृत्रिम।
- मैसलो के अनुसार अभिप्रेरणा दो प्रकार की है- अर्जित, जन्मजात।
- गैरिट के अनुसार अभिप्रेरणा तीन प्रकार की है- जैविक, मनोवैज्ञानिक, सामाजिक।
- फ्रायड के अनुसार अभिप्रेरणा के दो मुख्य कारक हैं- मूल प्रवृत्ति, अचेतन तत्व।
- मैसलो ने माँग के पाँच सिद्धान्त दिये हैं- जैवकीय/निम्न माँग, सुरक्षा की माँग, सामाजिक माँग, स्व-सम्मान की माँग एवं अपरोक्षानुभूति की माँग।
- भारतीय मनोवैज्ञानिक केवल दो संवेग स्वीकार करते हैं- **सकारात्मक संवेग-** सम्मान, श्रद्धा, भक्ति मित्रता, आशक्ति, प्रेम, स्नेह, वात्सल्य, दया, अभिमान, गर्भ। **नकारात्मक संवेग-** भय, घृणा, कायरता, क्रोध, ईर्ष्या, जलन, अधिकार।
- अभिप्रेरणा सीखने की एक शर्त है- मैल्टन
- सीखने की प्रक्रिया तभी अच्छी होगी जब अभिप्रेरणा होगी- एण्डरसन
- अभिप्रेरणा के लिये शिक्षक सरल शब्दों में निम्न प्रक्रियायें अपना सकते हैं- उद्देश्य, पुरस्कार, दण्ड, प्रगति का ज्ञान, निंदा, प्रशंसा, स्पर्धा, आकांक्षा निर्माण, प्रोत्साहन, अनुमोदन, व्यावसायिक लक्ष्य।
- मैक्डूगल ने चौदह संवेगों की खोज की थी।
- एशियाटिक सोसायटी संस्था **कलकत्ता** में है।
- एशियाटिक सोसायटी की स्थापना **जेम्स** ने की थी।

Scanned by CamScanner

- 14 मनोवैज्ञानिकों द्वारा दी गयी भिन्न-भिन्न बुद्धि की परिभाषा को **जर्नल ऑफ एजूकेशनल साइकोलॉजी** ने एक लेखों की श्रृंखला के रूप में प्रकाशित की।
- प्रथम सफल बुद्धि परीक्षण का निर्माण वर्ष 1905 में अल्फ्रेड बिने ने किया था।
- **स्विट्जरलैण्ड** के मनोवैज्ञानिक **लैवेटर** ने बुद्धिमतता का आधार शारीरिक लक्षणों को बताया है।
- बुद्धि परीक्षण का सबसे विस्तृत स्तर पर प्रथम बार कार्य फ्रांस में हुआ था।
- जर्मन के **लीपजिंग** नामक नगर में **विलियम वुन्ट** द्वारा प्रथम मनोवैज्ञानिक प्रयोगशाला की स्थापना की गयी थी।
- वर्ष 1890 में **कैटल** ने प्रथम बार **मानसिक परीक्षण** शब्द का प्रयोग किया था।
- बुद्धि लब्धि शब्द का प्रथम सुझाव **विलियम, स्टर्न** और **कुहल मैन** ने 1912 में किया था।
- **एक खण्ड सिद्धान्त** के प्रवर्तक **अल्फ्रेड बिने, साइमन स्टर्न** और **टर्मन** हैं।
- **दो खण्ड व तीन खण्ड सिद्धान्त** के प्रवर्तक **स्पीयर मैन** हैं।
- **बहुकारक सिद्धान्त** या **आणविक सिद्धान्त** के प्रवर्तक **थार्नडाइक** हैं।
- **बुद्धि की संरचना सिद्धान्त** या **त्रिआयाम सिद्धान्त** या **एस० आई० मॉडल** के प्रवर्तक **गिलफोर्ड** हैं।
- **समूह कारक** या **संघसत्तात्मक सिद्धान्त** के प्रवर्तक **थर्सटन** हैं।
- **तरल-ठोस बुद्धि सिद्धान्त** के प्रवर्तक **कैटल** हैं।
- **पदानुक्रमिक सिद्धान्त** के प्रवर्तक **फिलिप बर्नन** हैं।
- **बहु बुद्धि सिद्धान्त** के प्रवर्तक **होवर्ड गार्डनर** हैं।
- **त्रितत्व सिद्धान्त** के प्रवर्तक **राबर्ट स्टेनवर्ग** हैं।
- **बुद्धि का पास मॉडल** के प्रवर्तक **जे०पी० दास** हैं।
- स्पीयर मैन ने G-Factor को मानसिक ऊर्जा की संज्ञा दी है।
- बुद्धि के व्यक्तिगत व सामूहिक परीक्षणों को दो भागों में वर्गीकृत किया गया है- शाब्दिक बुद्धि परीक्षण (भाषा का प्रयोग), अशाब्दिक बुद्धि परीक्षण (चित्रों का प्रयोग)।
- व्यक्तिगत बुद्धि परीक्षण में समय और धन अधिक लगता है।
- सामूहिक बुद्धि परीक्षण में समय, धन व श्रम की बचत होती है।
- शाब्दिक बुद्धि परीक्षण को कागज कलम परीक्षण या पी०पी०टी० (Paper Pancil Test) के नाम से जाना जाता है।
- **बैटरी बुद्धि परीक्षण/क्रिया परीक्षण समूह** को **डॉ० सी०एम० भाटिया** ने दिया है।
- मनोवैज्ञानिक **अल्फ्रेड बिने** को बुद्धि मापन परीक्षण का **आधुनिक युग का पिता** माना जाता है लेकिन इसकी आधारशिला स्पीयर मैन ने रखी थी।
- अलपोर्ट की परिभाषा के अनुसार व्यक्तित्व के निम्न गुण या प्रकृति हैं- संगठनात्मक, गत्यात्मक, मनोवैज्ञानिक, शारीरिक, वातावरण, समायोजन।
- किसी भी व्यक्ति का व्यक्तित्व दो प्रकार के कारकों से प्रभावित होता है- जैवकीय कारक, वातावरणीय कारक।
- वातावरणीय कारक के दो रूप हैं- भौतिकी व सामाजिक।
- सामाजिक कारक अग्रलिखित हैं- परिवार, पास-पड़ोस, आर्थिक स्थिति, विद्यालय, जन संचार, धर्म व संस्कृति।
- अब्राहम मैसलों का मत है कि व्यक्तित्व का विकास व्यक्ति में उपस्थित अभिप्रेरकों के द्वारा होता है, जिन्हें पाँच भागों में वर्गीकृत किया गया है- दैहिक माँग, सुरक्षा की माँग, सामाजिक माँग, स्वसम्मान की माँग, आत्म सिद्धि की माँग।
- शील गुण सिद्धान्त के प्रवर्तक **अलपोर्ट** व **कैटल** को माना जाता है।
- "अधिगम, अनुभव और प्रशिक्षण के परिणामस्वरूप व्यवहार में परिवर्तन है।" कथन है- **गेट्स का**
- 'स्टैनफोर्ड-बिने परीक्षण' मापन करता है- **बुद्धि का**
- "किसी दूसरी वस्तु की अपेक्षा एक वस्तु पर चेतना का केन्द्रीकरण अवधान है।" यह कथन किसका है- **डम्विल का**
- सृजननशास्त्र या जीवसांख्यिकी के पिता किसको माना जाता है- **सर फ्रांसिस गाल्टन**
- सृजनात्मकता मौलिक परिणामों को अभिव्यक्त करने की मानसिक प्रक्रिया है। यह कथन किसका है- **क्रो एवं क्रो का**
- 'विद्रोह की भावना' की प्रवृत्ति किस अवस्था से सम्बन्धित है- **पूर्व किशोरावस्था**
- सीखने की वह अवधि, जब सीखने की प्रक्रिया में उन्नति नहीं होती, कहलाती है- **सीखने का पठार**
- सीखने का प्रयास एवं भूल के सिद्धांत का प्रतिपादन किसने किया- **थॉर्नडाइक ने**
- सामान्य संयुक्त कोशिका में गुणसूत्रों के जोड़े होते हैं- **२३**
- क्रियाप्रसूत अनुबंधन सिद्धांत का प्रतिपादन किसने किया- **स्किनर**
- संज्ञानात्मक सम्प्राप्ति का न्यूनतम स्तर क्या है- **ज्ञान**
- संघनन का सिद्धांत किसकी व्याख्या करता है- **स्मृति की**
- अधिगम वक्र में पठार बनने का क्या कारण है- **थकान के कारण**
- दर्पण चित्र परीक्षण किसको मापने में प्रयुक्त किया जाता है- **अधिगम अन्तरण**
- पूर्व अनुभव के आधार पर संवेदना को अर्थ प्रदान करना कहलाता है- **प्रत्यक्षज्ञान**
- पियाजे के अनुसार संज्ञानात्मक विकास की द्वितीय अवस्था क्या है- **पूर्व संक्रियात्मक अवस्था**

Scanned by CamScanner

TET/CTET

सुपर TET

TGT/PGT/UGC

गृह विज्ञान, शिक्षाशास्त्र, हिन्दी, इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, शारीरिक शिक्षा, कला एवं अन्य सभी विषय उपलब्ध

UGC/NET प्रथम प्रश्न पत्र-रोहित सर

ऑफलाइन के साथ-साथ ऑनलाइन कक्षाएँ भी उपलब्ध

पार्थ Education, डी0 जे0 हॉस्टल के सामने, चर्चलेन रोड प्रयागराज। मो0- 9451216656

Scanned by CamScanner